
### एक नजर में

## आईआईटी जी एडवान्स में मेक्रोविज़न ने लहराया देशभर में परचम



**बुरहानपुर।** जिले की उत्कृष्ठ शैक्षणिक संस्था मेक्रो विज़न एकेडमीए बुरहानपुर ने फि एक बार आयआयटी जी एडवान्स 2026 परीक्षा में इतिहास रच दिया है संस्था के विद्यार्थी ओजस अग्रवाल ने एआईआर .1118 रैंक प्राप्त की है। इसी प्रकार संस्था के उत्तम सिंह किराडे एआईआर 564 ,पियुषी शिकारी एआईआर .615, युवराज पाटीदार एआईआर .817, ईशित सिंह ठाकुर एआईआर .1194, कोष्तुभ साहु एआईआर .1377,तनिष्का पटेल एआईआर .1647, विनय मकोडे एआईआर .1697, पंशुल पाटिदार एआईआर1723, सोम्य जैसवाल एआईआर .1820,समर्थ प्रेकलिन एआईआर .2712, सुषांत पटेल एआईआर 8196,उत्कृष्ठ अग्रवाल एआईआर .8473, चिराग गुप्ता एआईआर 9636,ने रैंक प्राप्त की हैं। संस्था से कुल 47 विद्यार्थियो का चयन हुआ हुआ है। इस अद्वितीय उपलब्धि पर मेक्रो विज़न एकेडमी के संचालक श्री आनंद प्रकाश चौकसे और श्रीमती मंजूषा चौकसे, श्री कबीर चौकसे, देवांषी चौकसे, अंतरा चौकसे एवं एकेडमी प्राचार्य श्री जसवीर सिंह परमार, उप प्राचार्या श्रीमती मोनिका अग्रवाल, श्री विजय सुखवानी,डॉ.संतोष सिलोरिया, डॉ. अरुण शर्मा,श्रीमती विभा जेटली, श्रीमती शीतल पोपली, श्रीमती प्रतिभा नायर तथा एकेडमी के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों को इस सफलता हेतु बधाई दी।

## वरिष्ठ पत्रकार अग्रवाल के बड़े भाई का निधन, शोक व्यक्त



**बुरहानपुर।** वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश नगीनदास अग्रवाल के बडे भाई अमरावती निवासी श्री दत्तात्रय अग्रवाल का रविवार को सुबह के समय दुखद निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। रविवार के ही दिन उनका इंदौर में अंतिम संस्कार किया गया। वे सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर थे। परिजनो ने और रिश्तेदारो ने उन्हें अंतिम विदाई देते हुवे शोक व्यक्त किया।

## झमाझम बारिश : शहर की सड़कें तरबतर, नेपानगर सहित कई क्षेत्रों में गिरा पानी, गर्मी से राहत मिली



**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में सोमवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली। शाम 5 बजे के बाद तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश शुरू हुईए जो लगभग एक घंटे तक जारी रही। इस बारिश से शहर की सड़कें तरबतर हो गईं और तेज हवाएं चलीं। शहर के लोहार मंडीए सिंधीपुराए बुधवाराए आलमगंजए हरीरपुरा और मोमिनपुरा सहित कई क्षेत्रों की सड़कों पर पानी भर गया। जलभराव के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवा के चलते शहर के कई मोहल्लों में बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। नेपानगर,खकनार और डाभियाखेड़ा क्षेत्र में भी मौसम बदला और एक घंटे से अधिक समय तक तेज बारिश हुई। डाभियाखेड़ा रोड पर एक पेड़ गिरने से यातायात बाधित हुआ। जिलेभर में तेज हवा और आंधी के कारण कई अन्य स्थानों पर भी पेड़ गिरे हैं। यह बारिश नौतपा खत्म होने से एक दिन पहले हुईए जिससे शहरवासियों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली।

**शहर में हुई झमाझम बारिश:**- शहर में सोमवार शाम अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिश होने लगी। इस दौरान तेज हवाए आंधी भी चली। इस दौरान उमस से आमजन को काफी राहत मिली है। सुबह से ही काफी गर्मी थी, लेकिन शाम में मौसम का मिजाज बदलने लगा और तेज हवाए आंधी के बाद बारिश हुई।

## पुरुषोत्तम मास के 16 वे दिन भी पंचामृत अभिषेक,संतों का सम्मान और छप्पन भोग का आयोजन



**बुरहानपुर।** शहर के सिलमपुरा स्थित प्राचीन स्वामीनारायण मंदिर में पुरुषोत्तम मास के सोलहवें दिन सोमवार को भगवान लक्ष्मी नारायण देव एवं हरे कृष्ण महाराज का विशेष पंचामृत अभिषेक श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। अभिषेक में दुग्धए दहीए पंचामृत तथा पांच पवित्र नदियों के जल का उपयोग किया गया। यह आयोजन मंदिर के महंत कोठारी पीण्पीण् स्वामी एवं शास्त्री चंद्रप्रकाश स्वामी के जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित किया गयाए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अभिषेक के पश्चात पूर्णिमा के अवसर पर भगवान लक्ष्मी नारायण देव से उतरे सुगंधित मोगरे के फूलों से दोनों संतों के सम्मान में पुष्पवर्षा कर उन्हें जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी गईं। मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस अवसर पर शास्त्री चंद्रप्रकाश स्वामी ने कहा कि सनातन परंपरा में साधुओं का वास्तविक अर्थ सांसारिक जन्म और मृत्यु से परे होना है। उन्होंने बताया कि जिस दिन कोई व्यक्ति भगवान स्वामीनारायण की दीक्षा लेकर संत जीवन स्वीकार करता हैए उसी दिन उसके लिए अग्नि मंत्र का पाठ भी किया जाता है। इसलिए संतों का न तो जन्मदिवस होता है और न ही मरण दिवसए बल्कि उनका संपूर्ण जीवन भगवान और समाज की सेवा के लिए समर्पित रहता है। वहीं कोठारी पी.पी.स्वामी ने अपने संबोधन में कहा कि साधु केवल भगवान और भक्तों की सेवा के लिए इस संसार में आते हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस का वास्तविक महत्व गृहस्थ जीवन में है और इस अवसर पर भगवान की विशेष पूजा.अर्चना, आराधना एवं सेवा कर स्वस्थ, सुखी और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करनी चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि जन्मदिवस पर होटल में भोजन करने के बजाय भगवान को मिष्ठान अर्पित कर प्रसाद ग्रहण करना चाहिए।

# विधायक-कलेक्टर ने किया आंधी-तूफान प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**ग्राम खामनी और धामनगांव पहुंचकर प्रभावित किसानों से चर्चा और खेतों में जाकर नुकसान का प्रत्यक्ष अवलोकन**





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस एवं कलेक्टर हर्षसिंह ने बुरहानपुर में विगत दिनों आए आंधी, तूफान एवं बेमौसम बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर किसानों की समस्याएं सुनीं तथा फसलों को हुए नुकसान का निरीक्षण किया।

दोनों ने ग्राम खामनी एवं धामनगांव पहुंचकर प्रभावित किसानों से चर्चा की और खेतों में जाकर नुकसान का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान किसानों ने बताया कि तेज हवाओं एवं असमय बारिश के कारण विशेष रूप से केला फसल को व्यापक क्षति पहुंची है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है।

साथ ही अर्चना चिटनिस ने ग्राम रायगांव, नीमगांव, दहीहंडी और बड़सिंगी का भी दौरा किया। यहां प्रशासनिक अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर केला उत्पादक किसानों की फसलों के नुकसान का विस्तृत आकलन किया गया। खेतों में बड़ी संख्या में गिरे हुए केले के पौधों और क्षतिग्रस्त फसलों को देखकर दोनों ने किसानों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि किसानों की मेहनत और उनकी आजीविका की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसल क्षति का सर्वे शीघ्र पूर्ण कर वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को समय पर राहत और सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

कलेक्टर हर्षसिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता और गंभीरता के साथ किया जाए तथा प्रभावित किसानों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

चिटनिस ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में सरकार एवं प्रशासन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। प्रभावित अन्नदाताओं को नियमानुसार आर्थिक सहायता एवं आवश्यक तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

दौरे के दौरान राजस्वए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी-जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने उनके बीच पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और सहयोग का भरोसा दिलाने पर चिटनिस एवं कलेक्टर हर्ष सिंह का आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत सदस्य किशोर पाटिल, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अरूण पाटिल, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू पाटिल, भाजपा जिला मंत्री दिनकर महाजन, स्वप्निल पाटिल, अशोक पाटिल, संदीप पाटिल, अमोल पाटिल, सुनिल महाजन, राजू पाटिल, योगेश मोतेकर सहित अन्य मौजूद रहे।

## शिविर में दांतों की सुरक्षा के लिए लोगों को डॉक्टर ने बताए तरीके



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर विशाल निशुल्क दंत परिक्षण शिविर मुस्कान डेंटल क्लिनिक एमारवाड़ी युवा मंच एचेतना महिला शाखा बुरहानपुर के संयुक्त तत्वधान में मुस्कान डेंटल क्लिनिक अपना चेम्बर्स पर जिले की सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक डॉण् निमीशा कक्कड़ लाड द्वारा निशुल्क विशाल दंत परिक्षण शिविर आयोजित किया गया स इस शिविर में बुरहानपुर जिले के 77 मरीजों का उचित परिक्षण कर परामर्श दिया गया एवं समस्त मरीजो को निशुल्क दवाई वितरण की गई स इस शिविर में डॉ शब्बीर हैदराबादवाला,डॉ बिंदु अर्जुन , डॉ आशिता लाड ने भी अपनी निशुल्क सेवाए दी।

दंत परिक्षण शिविर का शुभारम्भ शहर के सुप्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ आई एल मूंदड़ा के मुख्य आतिथ्य , लायंस अध्यक्ष मुकेश देवड़ा , वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र जैन, जायन्ट्स चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ,दवाई विक्रेता संघ अध्यक्ष मनोज अगनानी,अपना कमर्शियल क्रेडिट कोपरेटिव सोसायटी अध्यक्ष शरद मोरे ,उपाध्यक्ष संजय महाजन , महाप्रबंधक डॉ नरेन्द्र राजपूत ,नेशनल इंटिग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ अनिल मिसाल, चार्टेड अकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़ , राहुल छाबडिया ,समाज सेवी अशोक शर्मा , राजेंद्र लाड के विशेष आतिथ्य एवं रेडक्रॉस सोसायटी बुरहानपुर डायरेक्टर राजेश जैन, डॉ कलीम अंसारी, राजेंद्र छाबडिया, नारायण नगर गृह निर्माण सोसायटी प्रतिभा आशीष शुक्ला , वनिता विहार अध्यक्ष माधुरी कुलकर्णी, चेतना महिला शाखा अध्यक्ष रानी पारीख, काजल जैन, परिमिति शर्मा, रूपल मूंदड़ा, खुशी ठाकुर के साथ अन्य शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में यह शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर में डॉ निमिषा कक्कड़ द्वारा विशेष रूप से बुरहानपुर जिले के जनमानस की और बुरहानपुर में पहली बार प्रोस्तोसिस ऑफआइस ;नकली आँख लगाना के बारे में उपस्थित जनसमुदाय को विस्तार पूर्वक जानकारी देकर अवगत कराया गया और कहा की यह प्रक्रिया सिर्फ एमडीएस प्रोस्थोडेन्टिस्ट द्वारा की जाती है और इसका शुल्क अन्य शहरों की अपेक्षा में नाम मात्र के शुल्क पर यह सुविधा उपलब्ध रहेगी। जानकारी कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन अपना चैंबर संचालक नीरज कक्कड़ दी।

## नगर निगम में 5 कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** 31 मई 2026 को नगर निगम 05 जिसमें बाहुलाल तायड़े,प्रमोद भानुदास, संपत्तिकर विभाग से प्रकाश वाघ, प्रताप सिंह ठाकुर, कांताबाई जुम्मन चावरे आदि कर्मचारी अपने सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत हुए नगर निगम कार्यालय में उनका विदाई समारोह हुआ।

इस दौरान सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार ने उन्हें शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया। सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार ने कहा कि नगर निगम का प्रत्येक कर्मचारी हमारे परिवार के सदस्य जैसा होता है। रिटायर होने तक यह पूरे तन मन से नगर निगम के माध्यम से आम जनता की सेवा करता है। रिटायरमेंट का दिन कर्मचारी और उसके सहयोगियों के लिए बेहद खास होता है। जब कर्मचारी अपने सहयोगियों से विदाई ले रहा होता है तो बेहद जज्बाती हो जाता है। रिटायर होने के बाद कर्मचारियों को अपने शहर के लिए बेहतर कार्य करना चाहिए। सफाई और विकास में योगदान देते रहें। इस अवसर पर सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार, पार्षद भारत मराठे उपस्थित थे।

## महापौर ने सफाई संरक्षक एवं भृत्य के पद पर दो व्यक्तियों को अनुकंपा नियुक्ति प्रमाण पत्र दिए



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल द्वारा आज नगर निगम स्वास्थ्य शाखा में अनुकम्पा नियुक्ति के अंतर्गत दिवंगत कर्मचारी स्वण् रामदास पूनिया के पुत्र हेमराज सूर्यवंशी को सफाई संरक्षक के पर एवं दिवंगत कर्मचारी स्व. कैलाश जोगिया के पुत्र सुनील साल्वे को सामान्य प्रशासन विभाग में भृत्य के पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर माननीय महापौर ने कहा कि नगर निगम अपने कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के प्रति संवेदनशील है तथा अनुकम्पी नियुक्ति के माध्यम से दिवंगत कर्मचारी के परिवारों को संबल प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने नियुक्ति प्राप्त दोनों अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, स्थापना शाखा प्रभारी विक्रम पोरवाल, जन संपर्क अधिकारी हरिश मोरे एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में ट्रेनिंग



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के आदेशअनुसार सिंहस्थ महापर्व 2028 को सफल सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम को पूर्णत: व्यवहारिक, तकनीक आधारित एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण सत्र चलाने हेतु आदेशित किया गया था।

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के अंतर्गत सोमवार को प्रशिक्षण सत्र का पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर में किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल द्वारा पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा किया गया।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने सिंहस्थ महापर्व जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में पुलिस एवं आमजन के बीच बेहतर समन्वयए जनसहभागिताए विश्वास निर्माण तथा संवेदनशील एवं मित्रवत पुलिसिंग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रभावी सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से श्रद्धालुओं, साधु.संतों, स्थानीय नागरिकों एवं विभिन्न संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर कानून व्यवस्था को अधिक मजबूत एवं सुगम बनाया जा सकता है। साथ ही संवाद, सहयोग एवं त्वरित सहायता की भावना को सिंहस्थ प्रबंधन की सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया गया।

सीएसपी गौरव पाटिल द्वारा सिंहस्थ पर्व के दौरान विभिन्न आयोजन के बारे में जानकारी दी गई शाही स्नान एवं सामान्य दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या,आगमन के तरीके, भीड़ प्रवाह एवं व्यवस्थाओं के संबंध में व्यावहारिक जानकारी साझा की गई। सिंहस्थ प्रशिक्षण भोपाल से 21 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त कर आए सूबेदार दीपाली यादव एवं उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह तोमर द्वारा बताया कि यह प्रशिक्षण सत्र 20 सप्ताह चलेगा प्रत्येक सत्र छरू दिवसीय प्रशिक्षण रहेगा छरू दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों जैसे यातायात प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, अखाड़े शाही स्नान, भीड़ प्रबंधन, वीआईपी ड्यूटी सामुदायिक पुलिसिंग, यूनिसेफ साइबर अपराध,सीसीटीवी, होल्डिंग एरिया, सैटलाइट टाउन, असूचना संकलन चिकित्सा क्विक रिस्पांस मानव व्यवहार,भीड़ नियंत्रण, प्रवेश-निकास मार्ग, बैरिकेडिंग आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था एवं समन्वित पुलिस प्रबंधन के संबंध में व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण दौरान नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल, थाना प्रभारी कोतवाली नीता देयरवाल, थाना प्रभारी शिकारपुरा संदीप चौरसिया, थाना प्रभारी गणपति नाका सुरेश महाले, थाना प्रभारी यातायात राजेश बारवाल,निरीक्षक टीकमचंद शिंदे, निरीक्षक कमल पवार, सूबेदार दीपाली यादव, उप निरीक्षक शैलेंद्र सिंह तोमर एवं डीएफए एस एफए होमगार्ड, पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

**एक नजर** **अर्चना चिटनिस ने ली बैठक, केला फसल की वास्तविक स्थिति समझकर करें सर्वे**

# संयुक्त सर्वे दल पारदर्शिता, संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ किया जाए सर्वे



**नवभारत न्यूज,**
**शाहपुर।** बुरहानपुर जिले में आए तेज आंधी, तूफान एवं खराब मौसम ने किसानों की मेहनत पर बड़ा संकट खड़ा कर दिया। जिले के अनेक गांवों में खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। विशेषकर केला उत्पादक किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। किसानों की इस पीड़ा को देखते हुए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर खेतों में पहुंचकर नुकसान का प्रत्यक्ष जायजा लिया था। इसी क्रम में चिटनिस ने राजस्व,कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के संयुक्त सर्वे दल, जनप्रतिनिधियों एवं किसानों के साथ विस्तृत बैठक आयोजित कर अधिकारियों को प्रेजेंटेशन के माध्यम से सर्वे की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता,संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ किया जाए तथा किसी भी किसान के साथ अन्याय न हो।

बैठक में चिटनिस ने कहा कि किसान पूरे वर्ष कठिन परिश्रम कर अपनी फसल तैयार करता हैए लेकिन प्राकृतिक आपदा ने उसकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है। ऐसे समय में प्रशासन का दायित्व है कि वह तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराए।

**केला फसल की वास्तविक स्थिति समझकर करें सर्वे:**- अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों को विशेष रूप से केला फसल के सर्वे को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर केले की फसल पूरी तरह जमीन पर गिर चुकी हैए जबकि अनेक पौधे बाहर से सुरक्षित दिखाई दे रहे हैं लेकिन अंदर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि केला अत्यंत संवेदनशील फसल है। तेज हवा या तूफान से एक बार पौधा हिल जाने पर उसकी वृद्धि रुक जाती है और वह आर्थिक रूप से अनुपयोगी हो जाता है। कई खेतों में पौधे जमीन पर गिरकर पूरी तरह नष्ट हो गए हैंए जबकि जो पौधे खड़े दिखाई दे रहे हैं, वे भी मृतप्राय स्थिति में हैं और आने वाले कुछ दिनों में पूरी तरह खराब हो जाएंगे।

**पीड़ित किसानों से सद्भावनापूर्वक संवाद करें, पूर्व सूचना देकर पहुंचें खेतों तक:**- श्रीमती अर्चना चिटनिस ने सर्वे दल को निर्देशित किया कि केवल खोड़ ;केले के पौधोंद्ध की संख्या के आधार पर आकलन न किया जाएए बल्कि वास्तविक क्षति का प्रतिशत आधारित मूल्यांकन किया जाएए ताकि किसानों को उनकी वास्तविक हानि के अनुरूप राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पीड़ित किसानों के साथ सद्भावनापूर्वक संवाद करें, उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनें और उन्हें पूरा सम्मान दें। किसानों को पूर्व सूचना देकर बताया जाए कि सर्वे दल कब उनके खेतों पर पहुंचेगा, ताकि वे स्वयं उपस्थित रहकर अपनी क्षति से अधिकारियों को अवगत करा सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्वे कार्य निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण किया जाए तथा कोई भी पात्र किसान सर्वे से वंचित न रहे।

श्रीमती चिटनिस ने यह भी निर्देश दिए कि सर्वे पूर्ण होने के बाद क्षतिपूर्ति एवं मुआवजा प्राप्त करने वाले पात्र किसानों की सूची संबंधित ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाएए ताकि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। किसानों को यह जानकारी आसानी से उपलब्ध हो कि सर्वे में उनका नाम दर्ज हुआ है अथवा नहीं और उन्हें मुआवजा मिलने की पात्रता प्राप्त हुई है या नहीं। उन्होंने निर्देश दिए कि सूची चस्पा होने के पश्चात अगामी 5 दिवस तक किसानों से दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएं, ताकि यदि किसी पात्र किसान का नाम छूट गया हो अथवा सर्वे संबंधी कोई त्रुटि हो तो उसका समय रहते निराकरण किया जा सके। इसके उपरांत अंतिम सूची तैयार कर राहत एवं मुआवजा वितरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की हितैषी भाजपा सरकार ने 50 प्रतिशत से अधिक फसल नुकसान होने पर प्रति हेक्टेयर 2 लाख रुपये तक मुआवजा देने का प्रावधान किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या त्रुटि स्वीकार नहीं की जाएगी।

**उद्यानिकी फसलों को बीमा दायरे में लाने के लिए सरकार गंभीर:**- बैठक को संबोधित करते हुए श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्रीए कृषि मंत्री एवं उद्यानिकी मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उद्यानिकी फसलों को पूर्ण रूप से बीमा दायरे में लाने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे देश और प्रदेश के इतिहास में उद्यानिकी फसलों के लिए आरबीसी 6/4 के तहत मुआवजा मिलना अत्यंत दुर्लभ रहा हैए लेकिन वर्तमान सरकार किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है। जब तक उद्यानिकी फसलों के लिए स्थायी बीमा व्यवस्था लागू नहीं हो जातीए तब तक सरकार प्रभावित किसानों को प्रति हेक्टेयर 2 लाख रुपए तथा अधिकतम 6 लाख रुपए तक मुआवजा दिलाने के लिए प्रयासरत है।

**समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सहायता:**-श्रीमती चिटनिस ने कहा कि ईश्वर की कृपा से हमारा जीवन तभी सार्थक बनता है जब हम समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की सहायता कर सकें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य स्वयं स्वावलंबी बनना और देश को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने में योगदान देना है। यदि ईश्वर ने हमें सामर्थ्य दिया है तो हमारा पहला कर्तव्य उन लोगों के आंसू पोंछना है जो कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

**किसानों के नाम पर राजनीति करने वालों को जनता पहचानती है:**-श्रीमती चिटनिस ने कहा कि वे विपक्ष पर अनावश्यक टिप्पणी नहीं करना चाहतीं, लेकिन जनता सब जानती है। जिन्होंने अपने कार्यकाल में सड़क, बिजली, पानी,बांध और ट्रांसफार्मर जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराईं,वे आज किसानों के नाम पर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं।

बैठक में शाहपुर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रामभाउ सोनवणे, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, जिला पंचायत सदस्य किशोर पाटिल, गोपाल चौधरी, विनोद चौधरी, रवि जैन, देवानंद पाटिल, दिनकर महाजन, गणेश महाजन, कृषि विभाग के उपसंचालक मनोहर देवके,डिप्टी कलेक्टर सृजन श्रीवास्तव, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक एसआर चौहान, नायब तहसीलदार गोविंदसिंह रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।